www.kautilyaacademy.com

/Kautilyaacademy

# कौटिल्य एकेडमी

IAS, IPS, MPPSC

अंतरर्राष्ट्रीय

राष्ट्रीय

विज्ञान

अध्ययन

पर्यावरण

राजव्यवस्था

योजना/ नीति

कला-संस्कृति

अर्थव्यवस्था

सामाजिक मुद्दे



## डेली करेंट अफ़ेयर्स

19 & 20 मई 2024

# भारत अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

- सिनेमा के सबसे भव्य उत्सव 77वें कान फिल्म महोत्सव का दो दिन पहले शुभारंभ हुआ।
- 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के पोस्टर का अनावरण कि गया।
- एनएफडीसी द्वारा फिक्की के सहयोग से भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित यह कार्यक्रम शानदार रूप से सफल रहा।

## भारत अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव :

- भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) एक वार्षिक कार्यक्रम है जो सिनेमाई उत्कृष्टता प्रदर्शित करता है और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देता है।
- यह वर्ष 2004 से गोवा में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है और गोवा सरकार और सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाता है।
- इस महोत्सव की स्थापना 1952 में भारत सरकार के फिल्म प्रभाग द्वारा भारत के पहले प्रधान मंत्री के सहयोग से की गई थी।
- यह एशिया के सबसे महत्वपूर्ण फिल्म समारोहों में से एक है और इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फिल्म प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (FIAPF) द्वारा मान्यता प्राप्त है।
- यह कान्स, वेनिस और बर्लिन के साथ यह मान्यता प्राप्त करने वाले दुनिया भर के केवल 14 फिल्म महोत्सवों में से एक है।
- महोत्सव का पहला संस्करण 1952 में मुंबई में आयोजित किया गया था और तब से यह दिल्ली, मद्रास, तिरुवनंतपुरम और कलकत्ता में आयोजित किया गया है।
- 55वां IFFI 20-28 नवंबर, 2024 तक गोवा में आयोजित किया जाएगा।



# डेंगू की नई वैक्सीन TAK-003

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने डेंगू बीमारी से बचाव के लिए एक नई वैक्सीन, TAK-003, को अपनी स्वीकृति दे दी है।
- यूएन स्वास्थ्य एजेंसी द्वारा प्री-क्वालीफिकेशन (पूर्व-योग्यता) प्राप्त करने वाली यह दूसरा टीका है।
- जापानी दवा कंपनी टेकेडा फार्मास्यूटिकल्स की ओर से बनाए गई टाक-003 (TAK-003) डेंगू के लिए बनाई गई दूसरी वैक्सीन है।

## वैक्सीन TAK-003 :

- यह वैक्सीन WHO की प्रीक्वालिफिकेशन प्राप्त करने वाली डेंगू की दुसरी वैक्सीन है। ऐसी पहली वैक्सीन CYD-TDV थी।
- WHOने डेंगू के अधिक मामले वाले और संचरण की उच्च तीव्रता वाले क्षेत्रों में 6-16 वर्ष की आयु के बालकों को यह वैक्सीन देने की सिफारिश की है।




- यह प्रक्रिया 1987 में अपनाई गई थी। इसका उद्देश्य वैक्सीन की खरीदारी करने वाली संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों द्वारा वितरित वैक्सीन की गुणवत्ता सुनिश्चित करना है।
- यह वास्तव में सकारात्मक परिणाम देने वाली वैक्सीन्स की एक सूची है। प्रासंगिक डेटा के मूल्यांकन, वैक्सीन सैंपल के परीक्षण और वैक्सीन विनिर्माण केंद्रों के WHO द्वारा निरीक्षण के बाद वैक्सीन को इस सूची में शामिल किया जाता है।
- इस सूची में शामिल होने का यह अर्थ नहीं है कि WHO ने वैक्सीन और विनिर्माण केंद्रों को मंजूरी दे दी है।




- इस तरह की मंजूरी देना देशों के राष्ट्रीय विनियामक प्राधिकरणों का अनन्य अधिकार है।
- फिर भी, प्रीक्वालिफिकेशन प्रक्रिया वैक्सीन की विश्व भर में उपलब्धता बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम जरूर है। इस प्रक्रिया के बाद यूनिसेफ और पैन अमेरिकन हेल्थ ऑर्गनाइजेशन (PAHO) सहित संयुक्त राष्ट्र की अन्य एजेंसियों को वैक्सीन खरीदने की अनुमति मिल जाती है।
- अन्य वेक्टर जनित रोग जिनके खिलाफ वैक्सीन इस सूची में शामिल हैं- मलेरिया, येलो फीवर, जापानी एन्सेफलाइटिस, रेबीज आदि।

# अंतरिम जमानत

- सुप्रीम कोर्ट ने 21 मार्च, 2024 से गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए शर्तों के साथ अंतरिम जमानत दी।
- जिस तरह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लोकसभा चुनाव की घोषणा के दौरान झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को गिरफ्तार करके एक उदाहरण प्रस्तुत किया, उसी तरह से किसी नेता को केवल चुनाव प्रचार करने के लिए जमानत देकर सुप्रीम कोर्ट ने नया उदाहरण पेश किया।
- न्यायालय ने कहा कि अस्थायी रिहाई, जिसे 'अंतरिम जमानत' के रूप में जाना जाता है, कुछ मामलों में दी जा सकती है जहाँ बाध्यकारी कारण और आधार हों, तथापि नियमित जमानत को उचित नहीं माना जाता है।

## जमानत के बारे में :



- जमानत मुकदमे की प्रतीक्षा कर रहे अभियुक्त व्यक्ति की अस्थायी रिहाई होती है, जो आमतौर पर न्यायालय को एक निर्धारित राशि का भुगतान करने पर दी जाती है।
- जमानत का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होता है कि अभियुक्त न्यायालय में अपनी पेशी के लिये वापस आएंगे।
- कथित अपराध की गंभीरता, प्रतिवादी के आपराधिक इतिहास और भागने की संभावना जैसे कारकों के आधार पर जमानत आमतौर पर न्यायालय द्वारा उसके विवेकाधिकार से दी जाती है।
- अंतरिम जमानत किसी मामले के लंबित रहने के दौरान अस्थायी रूप से दी जाती है जब नियमित जमानत तुरंत प्राप्त नहीं की जा सकती।
- 'अंतरिम जमानत' शब्द को दंड प्रक्रिया संहिता (CrPC) में स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं किया गया है।

## जमानत के प्रकार :

- **अंतरिम जमानत:** अग्रिम जमानत या नियमित जमानत के लिये आवेदन पर फैसला होने तक न्यायालय अस्थायी अनुतोष प्रदान करती है।
- **अग्रिम जमानत:** गिरफ्तारी को रोकने के लिये अग्रिम जमानत प्रदान की जाती है।
- **नियमित जमानत:** पुलिस हिरासत में गिरफ्तार व्यक्ति को रिहा करने का न्यायालय का आदेश।
- **डिफॉल्ट जमानत:** जब पुलिस निर्दिष्ट अवधि के भीतर जाँच पूरी करने में विफल रहती है।
- **चिकित्सकीय जमानत:** केवल चिकित्सा के आधार पर।

# बिम्सटेक की तीसरी प्रतिष्ठित व्यक्तियों के समूह (EPG) की बैठक

- हाल ही में बिम्सटेक (BIMSTEC) की भविष्य की दिशा पर प्रतिष्ठित व्यक्तियों के समूह (EPG) की तीसरी बैठक आयोजित हुई।

## बैठक के संबंध में :

- इसका आयोजन ढाका(बांग्लादेश) में हुआ।
- इसकी अध्यक्षता थाईलैंड के डॉ. सूनथॉर्न चौयिनदीपम ने की।
- वर्तमान में थाईलैंड BIMSTEC की अध्यक्षता कर रहा है।

## BIMSTEC:

- यह बंगाल की खाड़ी के तटवर्ती और समीपवर्ती देशों का एक क्षेत्रीय संगठन है।
- इसका पूरा नाम बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टोरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक को-ऑपरेशन (Bay of Bengal Initiative for Multi&Sectoral Technical and Economic Co-operation) है।
- यह वर्ष 1997 में बैंकॉक घोषणा के माध्यम से अस्तित्व में आया।
- इसके 7 सदस्य हैं, जिनमें बांग्लादेश, भूटान, भारत, नेपाल, श्रीलंका, म्याँमार और थाईलैंड शामिल हैं।
- इसका मुख्यालय ढाका (बांग्लादेश) में है।

## उद्देश्य :

- तीव्र आर्थिक विकास हेतु वातावरण तैयार करना
- शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी आदि में सहयोग करना
- क्षेत्र में सामान्य हित के मुद्दों पर सहयोग को बढ़ावा देना; आदि

## प्रतिष्ठित व्यक्तियों का समूह (EPG) :

- इसमें सभी 7 BIMSTEC सदस्य देशों की प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल हैं।
- नवलसांग परमार इसके भारतीय सदस्य हैं।
- इसकी स्थापना BIMSTEC के भविष्य की दिशा तैयार करने के लिए की गई थी।
- इसे सुधार, पुनरुद्धार और ठप्डैज्न्ब के लिए नए उद्देश्यों की सिफारिश करने का कार्य दिया गया है।
- इसे वर्ष 2024 में थाईलैंड में होने वाली छठी बिम्सटेक बैठक से पहले अपनी सिफारिश प्रस्तुत करनी है।

# डेली करंट अफेयर्स प्रश्नोत्तरी

1. हाल ही में किसे भारत की सबसे ऊंची सुरंग के रूप में मान्यता मिली है ?

(अ) जोजीला टनल (ब) सेला सुरंग
(स) अटल टनल (द) पीर पंजाल टनल

उत्तर-सेला सुरंग

2. हाल ही में जापान और किस देश ने हाइपरसोनिक मिसाइल के इंटरसेप्टर विकसित करने के लिए समझौता किया है ?

(अ) भारत (ब) चीन
(स) अमेरिका (द) रूस

उत्तर-अमेरिका

3. हाल ही में किस देश में माउंट इब ज्वालामुखी फटा है ?

(अ) मलेशिया (ब) इंडोनेशिया
(स) मंगोलिया (द) यूक्रेन

उत्तर-इंडोनेशिया

4. हाल ही में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कौन बने हैं ?

(अ) प्रदीप राय (ब) डॉ आदिशा अग्रवाल
(स) कपिल सिब्बल (द) जयराम रमेश

उत्तर-कपिल सिब्बल

5. हाल ही में नंदिनी डेयरी T-20 वर्ल्डकप के लिए किस देश की प्रायोजक बनीं है ?

(अ) बांग्लादेश (ब) नेपाल
(स) स्कॉटलैंड (द) पाकिस्तान

उत्तर-स्कॉटलैंड

6. मालती जोशी का निधन हो गया है उन्हें किस वर्ष पद्मश्री से सम्मानित किया गया था?

(अ) वर्ष 2016 (ब) वर्ष 2018
(स) वर्ष 2020 (द) वर्ष 2022

उत्तर-वर्ष 2018

7. X (Twitter) का डोमेन twitter.com से बदलकर क्या हो गया है?

(अ) YZ.com (ब) x.com
(स) twitter.com (द) Y.com

उत्तर-x.com

8. टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में महात्मा गांधी विश्वविद्यालय (केरल) का कौन सा स्थान है?

(अ) 80वां (ब) 81वां
(स) 82वां (द) 83वां

उत्तर-81वां

9. विश्व वन्यजीव अप्राध रिपोर्ट 2024 के अनुसार से सबसे प्रभावित पशु कौन है?

(अ) राइनो (ब) सफेद हाथी
(स) मगरमच्छ (द) एशियाई शेर

उत्तर-राइनो

10. कान फिल्म महोत्सव 2024 में भारतीय पवेलियन का उद्घाटन किया गया, इसका आयोजन कहां किया जा रहा है?

(अ) फ्रांस (ब) कनाडा
(स) जर्मनी (द) ऑस्ट्रेलिया

उत्तर-फ्रांस